THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (a) Yes, Sir.

(b) A site measuring 2.5 acres at Kondapalli near Vijayawada has been selected. Approach road to and other infrastructural facilities at the site are being provided by the Government of Andhra Pradesh. Order for a 10 KW TV transmitter has been placed. The Relay Centre is expected to be commissioned by 1984-85.

**News-Item Captioned "Post Card Back After 25 Years"**

6971. SHRI GULSHER AHMED
SHRI K. LAKKPPA :

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to a news-item entitled 'Post Card back after 25 years' published in the Hindustan Times of 12th March, 1981 ;

(b) if so, the details thereof ;

(c) the reasons sor such inordinate delay in delivery of the mail ;

(d) persons on whom reponsibility for the delay lies and action taken against them ; and

(e) measures proposed to prevent long delays in delivery of mail ?

THE DEPUTY MINISTE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI VIJAY N. PATIL) : (a) Yes, Sir.

(b) One postcard posted at Moga on 4.9.57 by M/s Ganga Bishan Shubh-Karan Merchants and Commission Agents Moga and addressed to M/s Ram Nath Bhagwan Dass, Rui Mandi, Teliwara, Delhi-110006 was found to have been delivered to the addressee in usual course on 6.9.57. The said postcard was again reposted by an unknown person in the letter box resulting in the said letter being received again at Delhi GPO for delivery to the addressee. As the firm (M/s Ram Nath Bhagwan Dass) had closed its business some 8 years back, it resulted in the returns of the potcard with the remarks "Left" and its re-delivery to the sender of the postcard at Moga on 9.3.83. It is not a case of delivery after 25 years as reported in the Press but actually a case of reposting by someone who appears to have picked up the same from the discarded and old correspondence which were reoortedly thrown in a dustbin.

(c) to (e) Do not arise.

**उत्पादन शुल्क में वृद्धि का बिजली उत्पादन संयंत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव**

6972. श्री मोती भाई आर० चौधरी :
श्रीमती किशोरी सिन्हा :
श्री रवीन्द्र वर्मा :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में उत्पाद शुल्क में वृद्धि किए जाने की घोषणा का बिजली उत्पादन संयंत्रों की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप उनकी कीमतों में कुल कितने प्रतिशत वृद्धि होने की सम्भावना है;

(ग) क्या निर्माणाधीन बिजली परियोजनाओं पर भी इस वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है; और

(घ) यदि हाँ, तो उन परियोजनाओं के नाम क्या हैं और प्रत्येक परियोजना पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चन्द्र शेखर सिंह) : (क) से (घ) 1983-84 के बजट में घोषित केन्द्रीय उत्पादन शुल्क में वृद्धि के परिणामस्वरूप विद्युत उत्पादन उपस्करों के कुछ संघटकों की लागत में बढ़ोतरी होने की आशा है। प्रत्येक परियोजना पर इसका प्रभाव परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति पर तथा जो उपस्कर परियोजना को पूरा करने के लिए प्राप्त

किए जाने हैं उन शेष उपस्करों के सम्बन्ध में लागत में बढ़ोत्तरी पर निर्भर करेगा।

ताप विद्युत संयंत्रों के सम्बन्ध में, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क में बढ़ोत्तरी के कारण हुई लागत में वृद्धि का अनुमान परियोजना की कुल लागत में 1.2% की बढ़ोतरी होना लगाया गया है। इस प्रकार विद्युत परियोजनाओं की लागत पर उत्पादन शुल्क में वृद्धि का समग्र प्रभाव केवल सीमांत होने की आशा है। इससे परियोजनाओं के कार्यान्वियन की प्रगति पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ने की सम्भावना नहीं है।

**Auto Exchanges/S.T.D. Facility in Each State and Union Territory**

6973. SHRI ZAINUL BASHER : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to lay on the Table of the House a statement showing the member of auto exchanges, the number and names of places connected with inter-State S.T.D. and the number and names of places having S·T.D. facility within each State and Union Territory ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI VIJAY N. PATIL) : The Statement as per annexuree I & II is laid On the Table of the House. (Placed in library See No Lt 6365/83) There are 7151 auto exchanges in the country out of which about 282 have STD facility.

**राष्ट्रीय न्यूज रील और वृत्त चित्रों का निर्माण**

6974. **श्री मूलचन्द डागा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1982-83 के दौरान फिल्म डिवीजन द्वारा बनाई गई तथा फिल्म प्रोड्यूसरों द्वारा खरीदी गई राष्ट्रीय न्यूज रील और वृत्त चित्रों की संख्या कितनी है और इनमें से प्रत्येक पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई; और

(ख) इनका उपयोग करने वाले राज्यों तथा विदेशों के नाम क्या हैं और उन्होंने इनका किस प्रकार उपयोग किया हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)** : (क) विस्तृत सूचना इस प्रकार है :

| | फिल्मों की किस्म | | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | वृत्त चित्र | : | 159 |
| 2. | राष्ट्रीय समाचार चित्र | : | 50 |
| 3. | क्षेत्रीय समाचार चित्र | : | 40 |
| 4. | विशेष समाचार चित्र | : | 8 |
| 5. | समाचार मैगजीन | : | 3 |
| 6. | क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के लिए समाचार मैगजीन | : | 3 |

इसके अतिरिक्त फिल्म प्रभाग ने 9 वृत्त चित्र खरीदे और 11 वृत्तचित्र दानस्वरूप स्वीकार किए।

1982-83 में बनाए गए सभी वृत्तचित्रों और समाचारपत्रों की लागत प्रोफार्मा लेखों को अन्तिम रूप दे दिए जाने के बाद उपलब्ध होगी।

(ख) उपर्युक्त में से 24 वृत्त चित्र क्षेत्रीय और विशेष समाचारचित्रों सहित 74 भारतीय समाचारचित्र सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को सप्लाई किए गए थे। उन्होंने इनका उपयोग अपने चलते-फिरते वाहनों के माध्यम से ग्रामीण दर्शकों को दिखाने के लिए तथा गैर वाणिज्यिक उधार लेने वालों को निःशुल्क प्रदर्शनों के लिए उधार देने के लिए किया।

फिल्म प्रभाग विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों की फिल्मों की प्रिंटें विदेश मंत्रालय के आर्डर पर सप्लाई करता है। 1982-83 के दौरान 10 वृत्त चित्रों की प्रिंटें मापुटो, थिम्पू, परामारीबो और लंदन स्थित भारतीय दूतावासों को सप्लाई की गई थीं। 5 फिल्मों की 9 प्रिंटें भी फिल्म समारोहों में भाग लेने के लिए विदेशों को सप्लाई की गई थीं।